बाढ़ विभीषिका झेल रहा उत्तर बिहार

▶ कई जिलों में भारी बारिश की आशंका

पटना, 13 अगस्त. मौसम विभाग ने बिहार के कई हिस्सों में आगामी चार- पांच दिनों तक भारी बारिश जारी रहने का अनुमान आज जताया है.

राज्य के उत्तर- पश्चिम जिलों जैसे पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण और गोपालगंज में आज बारिश की संभावना है. साथ ही सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर और समस्तीपुर में भी अनेक स्थानों पर वर्षा हो सकती है. वहीं उत्तर- पूर्व बिहार के सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णियां और कटिहार में अधिकांश जगहों पर बारिश की संभावना जताई गई है. दक्षिण- पश्चिम बिहार के बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और अरवल में भी कुछ स्थानों पर वर्षा हो सकती है. राजधानी पटना समेत जहानाबाद, लखीसराय, बेगूसराय, शेखपुरा, नालंदा और नवादा में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है. उधर भागलपुर जिले में जलजमाव से लोग पहले ही परेशान हैं. मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि राज्य के अलग- अलग हिस्सों में बारिश का दौर गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार तक जारी रहेगा. वहीं कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया और नवादा में वर्षा हो सकती है. 15 अगस्त को पूर्वी बिहार के कई जिलों में तेज हवाएं, वज्रपात और मेघगर्जन की चेतावनी भी जारी की गई है.

पानी में डूबकर दो युवतियों की मौत

छपरा. बिहार में सारण जिले के जनता बाजार थाना क्षेत्र में पानी में डूबकर दो युवतियों की मौत हो गयी. पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि मुगौली गांव निवासी विजय कुमार ठाकुर की पुत्री अर्चना कुमारी और हरे राम महतो की पुत्री निशा चंवर में स्नान करने गई हुई थीं. इस दौरान गहरे पानी में चले जाने से दोनों की डूबकर मौत हो गई. वहां मौजूद ग्रामीणों ने शवों को पानी से बाहर निकालकर मामले की सूचना थाना पुलिस को दी. सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है.

गाजा में इजरायली हमलों में 49 फिलिस्तीनी मारे गए

गाजा, 13 अगस्त. गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में कम से कम 49 फिलिस्तीनी मारे गये हैं. यह जानकारी गाजा में गाजा के नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने दी. उन्होंने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि गाजा शहर के दक्षिण में स्थित जतूिन इलाके में इजरायली हवाई हमलों में 32 लोग मारे गये. उन्होंने कहा कि इजरायली सेना ने बिना किसी पूर्व चेतावनी के इलाके को निशाना बनाकर बमबारी की, जिसके कारण कई घर नष्ट हो गये. उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा दल घनी आबादी वाले इस इलाके को इजरायली हमले के कारण उत्पन्न कठिन सुरक्षा परिस्थितियों में मृतकों के शवों को तलाश रहे हैं.

पुतिन के साथ ट्रंप की बैठक सिर्फ सुनने-समझने की प्रक्रिया

वाशिंगटन, 13 अगस्त. व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार को अलास्का में होने वाली शिखर वार्ता ट्रंप के लिए एक सुनने-समझने की प्रक्रिया है.

इस बयान से रूस-यूक्रेन युद्धविराम समझौते के शीघ्र होने की उम्मीदें कम हो गयी है. व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने कहा, रूस और यूक्रेन युद्ध में शामिल केवल एक ही पक्ष इस बैठक में उपस्थित रहेगा, इसलिए श्री ट्रंप को वहाँ जाकर इस बात की और बेहतर और ठोस समझ हासिल करनी होगी कि इस युद्ध को कैसे समाप्त किया जा सकता है. व्हाइट हाउस ने कहा कि अलास्का के एंकोरेज में होने वाली इस बातचीत के दौरान ट्रंप अपने समकक्ष से आमने-सामने मिलेंगें और भविष्य में वह रूस भी जा सकते हैं.

रूस को अमेरिका से संबध सुधरने की उम्मीद : रूस को उम्मीद है कि देश के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच अलास्का में होने वाली आगामी बैठक द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने में मदद कर सकती है. रूस के विदेश उपमंत्री सर्गेई रयाबकोव के हवाले से जानकारी दी. रयाबकोव ने कहा कि अलास्का शिखर सम्मेलन दोनों देशों के बीच यात्री उड़ानों की बहाली सहित विशिष्ट मुद्दों के समाधान को आगे बढ़ाने में भी मदद कर सकता है.

देश के विभाजन का दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकता - धामी

देहरादून, 13 अगस्त. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' की पूर्व संध्या पर देश के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों को नमन करते हुए कहा कि देश के विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता. विभाजन की विभीषिका को इतिहास का काला अध्याय तथा दुनिया का सबसे बडा विभाजन बताते हुए उन्होंने कहा कि लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाकर विभाजन के साथ विस्थापन का दर्द झेला. साय ने कहा कि 15, अगस्त, 1947 को देश जब आजादी का जश्न मना रहा था, वहीं देश के विभाजन का भी दर्द हमें सहना पड़ा.

पाकिस्तानी सेना ने 50 आतंकवादियों को मार गिराने का किया दावा

इस्लामाबाद, 13 अगस्त. पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने देश के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में चार दिन के अभियान के दौरान 50 आतंकवादियों को मार गिराया है. पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी. पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में बताया कि नवीनतम कार्रवाई 10 अगस्त की रात और 11 अगस्त की सुबह झोब जिले में की गयी जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए. इससे पहले इसी इलाके में सात अगस्त से नौ अगस्त के बीच अलग-अलग अभियानों में 47 आतंकवादी मारे गए.

महिलाओं की भागीदारी से बदलेगा पंजाब

अरविंद केजरीवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से किया प्रोत्साहित

चंडीगढ़, 13 अगस्त. आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को पार्टी के महिला विंग लीडरशिप ट्रेनिंग कार्यक्रम संबोधित किया एवं उनसे सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की.

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ आम आदमी पार्टी के पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया, पार्टी के महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष व मोगा से विधायक अमनदीप कौर अरोड़ा एवं पंजाब महिला आयोग की चेयरपर्सन राजलाली गिल मौजूद रहें.

वहीं अरविंद केजरीवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया. सभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सिर्फ आम आदमी पार्टी ही महिलाओं को सक्रिय राजनीति में आने का मौका देती है. दूसरी पार्टियां महिलाओं का राजनीतिक इस्तेमाल करती है. वे अपने महिला विंग के नेताओं से रैली में महिलाओं को बुलाते हैं या किसी महिला केंद्रित कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति होती है. सक्रिय राजनीति में वे साधारण परिवार के महिलाओं को नहीं आने देते.

> केजरीवाल ने कहा कि पार्टी की सरकार बनने के बाद से ही हमारी सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए एवं उन्हें सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। आप सरकार द्वारा चलाए जा रहे युद्ध नशे विरुद्ध अभियान से भी महिलाओं को सबसे ज्यादा राहत मिली है। उन्होंने कहा कि नशे से सबसे ज्यादा पीड़ा महिलाओं को ही होती है क्योंकि नशा उनसे उनके बच्चे और पति छीन लेता है एवं उनका घर बर्बाद कर देता है। इसलिए युद्ध नशयां विरूद्ध अभियान में भी महिलाओं को प्रमुखता से भाग लेना चाहिए व पंजाब से नशे को जड़ से खत्म करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।

> केजरीवाल ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि अगर आपके बच्चे, पिता या पति नशे से पीड़ित हैं तो आप बिना किसी संकोच किए उन्हें तुरंत नशा मुक्ति केन्द्रों में भर्ती कराएं। आप सरकार ने इन केंद्रों में हर तरह की आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था की है। इनमें एअर कंडीशन की भी व्यवस्था की गई है ताकि मरीजों को गर्मी के कारण कोई परेशानी उत्पन्न न हो. उन्होंने महिलाओं से अपने अपने इलाके में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने की भी अपील की। केजरीवाल ने कहा कि मेरी नजर में सबसे ज्यादा पुण्य का काम नशे से पीड़ित लोगों को बचाना एवं उनके परिवार को फिर से पटरी पर लाना है।

नागरिकता से पहले वोटर बनीं सोनिया

▶ भाजपा ने किया कांग्रेस पर पलटवार

नई दिल्ली, 13 अगस्त. भाजपा ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर गंभीर आरोप लगाया है कि उनका नाम भारतीय नागरिक बनने से पहले ही मतदाता सूची में दर्ज कर दिया गया था. भाजपा नेताओं ने इसे बड़ी चुनावी गड़बड़ी बताते हुए कहा कि 1980 से 1982 के बीच सोनिया गांधी का नाम दिल्ली की वोटर लिस्ट में था, जबकि उन्हें भारतीय नागरिकता 1983 में मिली.

पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 1946 में इटली में जन्मीं सोनिया गांधी 1968 में राजीव गांधी से विवाह कर भारत आईं. आरोप है कि 1980 लोकसभा चुनाव से पहले उनका नाम नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज कर लिया गया, जो चुनावी नियमों का उल्लंघन था. भाजपा नेता अमित मालवीय ने भी 1980 की कथित मतदाता सूची का अंश सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इसे स्पष्ट चुनावी गड़बड़ी करार दिया. बिना नागरिकता के किसी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में कैसे दर्ज किया गया.

45 साल पुराना मुद्दा

कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए इसे ध्यान भटकाने की साजिश बताया. पार्टी का कहना है कि यह 45 साल पुराना मुद्दा है जिसे अब इसलिए उछाला जा रहा है क्योंकि कांग्रेस ने भाजपा और चुनाव आयोग पर हाल के चुनावों में 'वोट चोरी' का आरोप लगाया है. कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा के पास वर्तमान मुद्दों पर जवाब देने के बजाय पुराने मामलों को हवा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है. वहीं, भाजपा का दावा है कि इस मामले की जांच होनी चाहिए.

एक नजर में

अमेरिका की पाक के एफ-16 नुकसान पर चुप्पी

वॉशिंगटन, 13 अगस्त. अमेरिकी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान वायुसेना के स्व-16 लड़ाकू विमानों को हुए नुकसान से जुड़े सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया है. यह ऑपरेशन 7 से 10 मई तक भारत और पाकिस्तान के बीच 88 घंटे चला था. अमेरिकी विदेश विभाग ने हृष्अङ्क को दिए बयान में कहा, इस मामले पर आप पाकिस्तान सरकार से बात करें. पाकिस्तानी वायुसेना के पास करीब 75 स्व-16 हैं. इनके संचालन और रखरखाव के लिए अमेरिकी तकनीकी टीम पाकिस्तान में 24 घंटे मौजूद रहती है. यह टीम दोनों देशों के विशेष समझौते के तहत तैनात है, जिसके अनुसार अमेरिका इन जेट्स के रखरखाव और संचालन में सीधी मदद करता है. साल 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद जम्मू में हुई हवाई झड़प में विंग कमांडर अभिनंदन ने मिग-21 से एक स्व-16 को मार गिराया था. उस समय अमेरिका ने तुरंत प्रतिक्रिया दी थी, लेकिन इस बार पाकिस्तान के नुकसान पर उसने चुप्पी साध ली है.

बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन के लिए विधेयक पेश

लखनऊ, 13 अगस्त. उत्तर प्रदेश सरकार ने विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को बांके बिहारी मंदिर न्यास विधेयक को सदन में पेश किया. सदन में विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्युमेंट 2047 पर लगातार 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है. इसमें सरकार विभागवार उपलब्धियां और विजन रख रही है जबकि विपक्ष के सवालों का दौर भी जारी है. विधेयक स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा. इसमें मंदिर में स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी भी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं. मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, अनुदान, योगदान, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी. सरकार ने कहा है कि न्यास का गठन स्वामी हरिदास की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है. स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप या परिवर्तन के जारी रहेंगे. न्यास दर्शन का समय तय करेगा.

रूसी सैनिक यूक्रेन में डोनेटस्क तक पहुंचे

▶ सैनिकों ने कुछ हिस्सों में पैठ बना ली

कीव, 13 अगस्त. रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र के सुरक्षा घेरे को भेदते हुए वहां के कुछ हिस्सों में पैठ बना ली है. ऐसा माना जा रहा है कि रूस राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प के बीच अलास्का में होने वाली बैठक से पहले ही यूक्रेन के ज़्यादा से ज़्यादा क्षेत्र हथियाने की कोशिश कर रहा है.

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार यूक्रेनी युद्धक्षेत्र निगरानी समूह 'डीपस्टेट' ने बताया कि रूसी सेना डोब्रोपिलिया की ओर बढ़ रही है. सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार यह शहर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर पोक्रोवस्क से लगभग 20 किलोमीटर उत्तर में है जो एक साल से भी ज़्यादा समय से रूस के निशाने पर है. यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेंलेंस्की ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में कहा रूसियों के समूह कई जगहों पर लगभग 10 किलोमीटर तक आगे बढ़ गए हैं. उन सभी पास कोई खास उपकरण नहीं बल्कि सिर्फ़ हथियार हैं. इनमें से कुछ पहले ही ढूंढ निकाले गये हैं, कुछ मारे जा चुके हैं और कुछ गिरफ्तार कर लिए गये हैं. ज़ेलेंस्की ने कहा इस बढ़त का उद्देश्य हमारे लिए स्पष्ट है. पुतिन-ट्रम्प बैठक से पहले रूस यह विकृत धारणा बनाने की कोशिश कर रहा है कि रूस आगे बढ़ रहा है, आगे बढ़ रहा है.

आज का इतिहास

1523 संत जॉन प्रथम ने कैथोलिक धर्म के सर्वोच्च गुरु पोप का पद संभाला।

1758 ज़ोरेंडोर्फ की लड़ाई- प्रशिया ने रूस को हराया जिसमें हजारों लोग मारे गए।

1762 अंग्रेजो ने हवाना के नौका-समुदाय पर कब्जा कर लिया।

1816 ट्रिस्टन दा कुन्हार्विपेलैगो को औपचारिक रूप से रद्द कर दिया।

1825 ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक एवं रसायनशास्त्री माइकल फ़ैराडे ने डीज़ल की खोज की।

योगी की लखनऊ में चालीस ठाकुर विधायकों की गुप्त बैठक

▶ विधायकों ने आयोजन को पारिवारिक भोज

लखनऊ, 13 अगस्त. उत्तर प्रदेश की राजनीति में जातीय समीकरण और आंतरिक समीकरण दोनों ही समय-समय पर सियासत की दशा और दिशा तय करते रहे हैं. इस बार चर्चा का केंद्र बना है लखनऊ के एक लग्ज़री होटल में हुआ ठाकुर विधायकों का कुटुंब मिलन. आयोजन की आड़ में राजनीतिक गोलबंदी के संकेत मिलते हैं.

उत्तर प्रदेश की राजनीति में जातीय गोलबंदी कोई नई बात नहीं, लेकिन लखनऊ के एक पांच सितारा होटल में हुई कुटुंब नामक बैठक ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा को जन्म दे दिया है.

करीब 40 ठाकुर विधायकों की इस गुप्त मुलाकात में सत्तारूढ़ दल बीजेपी से लेकर समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के भी बागी और सक्रिय विधायक शामिल हुए. जिस आयोजन को एक पारिवारिक भोज बताया जा रहा है, दरअसल, सियासत की नई दिशा की ओर इशारा करता दिख रहा है. बैठक में शामिल विधायकों को उपहार स्वरूप भगवान श्रीराम की मूर्ति, महाराणा प्रताप की तस्वीर और पीतल का त्रिशूल दिया गया जो प्रतीकों की राजनीति में गहरे मायने रखते हैं.

विधायकों को एक मंच पर लाने की कोशिश

कुटुंब परिवार नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी ठाकुर विधायकों को एक मंच पर लाने की कोशिश की गई है, जिससे साफ झलकता है कि यह सिर्फ सामाजिक संवाद नहीं, बल्कि सियासी गणित का हिस्सा है. इस बैठक की टाइमिंग भी खास है ङ्क जब बीजेपी में नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति और योगी मंत्रिमंडल के विस्तार की अटकलें तेज हैं. ऐसे में ठाकुर विधायकों की एकजुटता को शक्ति प्रदर्शन की तरह भी देखा जा रहा है. वहीं आयोजकों का दावा है कि यह केवल पारिवारिक मिलन था. लेकिन राजनीति में सिर्फ पारिवारिक कहना हमेशा उतना ही सधा हुआ होता है, जितना एक चालाक सियासी दांव.

शाह, शिवराज, योगी व धामी ने फहराया ध्वज

हर घर तिरंगा अभियान के तहत किया आयोजन

नईदिल्ली, 13 अगस्त. केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित विभिन्न नेताओं ने बुधवार 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आवास पर तिरंगा फहराया.

शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा आज 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत अपने आवास पर तिरंगा फहराया. मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज देश को एकता के सूत्र में पिरोने और राष्ट्रप्रेम की भावना को और भी प्रबल बनाने वाला जन-अभियान बन गया है. यह अभियान दर्शाता है कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग, तप और समर्पण से जिस आजाद भारत का सपना साकार किया था, उसे विकसित और सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए 140 करोड़ देशवासी संकल्पित हैं. चौहान ने एक्स पर लिखा, हमारा राष्ट्रध्वज हमारे देश का गौरव, सम्मान और असंख्य बलिदानों की पहचान है.

> योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारी एकता का उद्घोष, हमारी अखंडता का संकल्प, हमारी संप्रभुता और गौरव का अमर प्रतीक... हमारा तिरंगा. धामी ने एक्स पर लिखा, सरकारी आवास पर 'हर घर तिरंगा' अभियान का हिस्सा बनकर तिरंगा फहराया. यह जनांदोलन करोड़ों देशवासियों के भीतर राष्ट्र गौरव और देशभक्ति का भाव जागृत कर रहा है. प्रदेश के सभी नागरिकों से आग्रह है कि इस स्वतंत्रता दिवस पर अपने घर, प्रतिष्ठान, कार्यस्थल और संस्थानों पर तिरंगा पूर्ण सम्मान एवं गौरव के साथ फहराएं.

आरोप | पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पार्टी मुख्यालय में लगाया आरोप

घुसपैठियों को बचाने कांग्रेस व विपक्ष का दुष्प्रचार

नईदिल्ली, 13 अगस्त. पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि बिहार चुनाव में हारने के डर से राहुल गांधी एवं विपक्षी दल देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ गलत बयानबाजी और झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रहे हैं.

ठाकुर ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पिछले 60 वर्षों तक सत्ता में रहने के दौरान वोट चोरी का काम करने के साथ साथ संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को 1952 के चुनाव में हरवाने

का भी काम किया था. उन्होंने कहा, 1952 से अगर हम शुरुआत करें तो, कांग्रेस और सीपीआई ने मिलकर संविधान निर्माता, एक संत जैसे नेता डॉ. भीमराव अंबेडकर को चुनाव हरवाया. चुनावी भ्रष्टाचार की नींव कांग्रेस ने पहले चुनाव 1952 में ही रख दी थी. आप रिकॉर्ड चेक कीजिए, 74,333 वोट खारिज किये गये थे जबकि अंबेडकर जी मात्र 14,561 वोट से हारे थे. कांग्रेस ने तो संविधान निर्माता, एक दलित नेता को पहले चुनाव में ही निपटाने का काम किया. आप कल्पना कीजिए, जिन्होंने संविधान बनाया था, उसी को कांग्रेस परिवार ने चुनाव में धांधली कर हरा दिया. भाजपा नेता ने राहुल गांधी को 'प्रोपगेंडा किंग' करार देते हुए कहा कि वह देश की जनता को गुमराह करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं की छवि खराब करने के लिये मतदाता सूची को लेकर हंगामा कर रहे हैं.

> ठाकुर ने कहा कि उनका काम आरोप लगाना और झूठा साबित होने पर अदालत में माफी मांगना आम बात है. उन्होंने कांग्रेस व विपक्षी दलों पर वोट चोर बताते हुए एक प्रजेंटेशन भी दिया और रायबरेली, वायनाड समेत कई संसदीय क्षेत्रों में संदिग्ध मतदाताओं की भी जानकारी दी. 'कल कांग्रेस के कुछ लोग कह रहे थे कि राहुल गांधी और विपक्ष के नेताओं ने बवंडर खड़ा किया. मैं कहता हूं कि राहुल गांधी बवंडर नहीं, ब्लंडर है. राहुल गांधी ने आज तक जितने आरोप लगाए वे निराधार और तथ्यों से परे हैं.

मैनेजर आईएसआई को जासूसी के आरोप में किया गिरफ्तार

जैसलमेर, 13 अगस्त. राजस्थान के जैसलमेर स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के गेस्ट हाउस के मैनेजर महेंद्र प्रसाद को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ड्डस्ढ्ढ के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के अनुसार, महेंद्र सोशल मीडिया के माध्यम से सीमा पार गोपनीय और रणनीतिक जानकारी भेज रहा था, जिससे संवेदनशील सुरक्षा उल्लंघनों की चिंता बढ़ गई है. राजस्थान की सीआईडी इंटेलिजेंस ने मंगलवार, 12 अगस्त को उन्हें गिरफ्तार किया. महेंद्र प्रसाद उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के पल्युन गांव के निवासी हैं.

चुनिंदा पंचायत निकायों के प्रतिनिधि स्वतंत्रता दिवस समारोह में होंगे शामिल

नईदिल्ली, 13 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को ऐतिहासिक लाल किले पर आयोजित समारोह में 28 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 210 पंचायत प्रतिनिधि विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे.

पंचायती राज मंत्रालय इन विशिष्ट अतिथियों के लिए 14 अगस्त को यहां एक औपचारिक सम्मान समारोह आयोजित करेगा. इस अवसर पर केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और केन्द्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो एस पी सिंह बघेल भी उपस्थित रहेंगे. इस वर्ष के कार्यक्रम का विषय 'आत्मनिर्भर पंचायत, विकसित भारत की पहचान' है. आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस सम्मान समारोह के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) संचालित 'सभासार' एप्लिकेशन का शुभारंभ किया जायेगा और 'ग्रामोदय संकल्प पत्रिका' के 16 वें अंक का विमोचन भी होगा. इस वर्ष के विशेष अतिथियों में बड़ी संख्या में महिला पंचायत प्रतिनिधि शामिल हैं, जिन्होंने अपनी ग्राम पंचायतों में बेहतर बुनियादी अवसंरचना, बेहतर सार्वजनिक सेवायें और समावेशी सामुदायिक पहल जैसे प्रत्यक्ष सुधार किये हैं. पंचायती राज संस्थाओं की ये निर्वाचित महिला प्रतिनिधि ग्रामीण नेतृत्व की उभरती हुई शक्ति का उदाहरण हैं.

सुप्रीम कोर्ट ने की ओलंपियन सुशील की जमानत रद्द

नई दिल्ली, 13 अगस्त. उच्चतम न्यायालय ने सागर धनखड़ हत्याकांड के आरोपी ओलंपियन पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द करते हुए उसे एक सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का बुधवार को निर्देश दिया. न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने सागर के पिता अशोक की याचिका पर यह आदेश पारित किया. धनखड़ ने सुशील को दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से मार्च में दी गयी जमानत के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील की थी. उन्होंने मामले के गवाहों को धमकाने का आरोप लगाते हुए जमानत रद्द करने की गुहार लगाई थी.